एफआरडब्लू/बीएसएफ/2025-26/1 05 मई, 2025

सभी अधिसूचित बैंक

**विषय: वर्ष 2025-2026 के दौरान, आवर्ती आधार पर नए कैश क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट/ लघु अवधि ऋण/वर्किंग कैपिटल डिमांड ऋण सुविधा के लिए प्रस्ताव**

महोदय,

आवास और शहरी विकास निगम लिमिटेड (हडको), आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों नामत इंडिया रेटिंग्स, केयर रेटिंग और आईसीआरए रेटिंग ने हडको की उधारियों को 'एएए' की रेटिंग दी है।

हडको सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए धन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से कैश क्रेडिट /ओवरड्राफ्ट/ लघु अवधि ऋण/ वर्किंग कैपिटल डिमांड ऋण सुविधाएं प्रास करता है। हडको की परिचालन आवश्यकता के आधार पर एकल या एकाधिक किश्तों में बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से धन जुटाने का प्रस्ताव है।

तदनुरूप निचे दी गयी शर्तों पर नकद क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट/ लघु अवधि ऋण/ वर्किंग कैपिटल डिमांड ऋण का अपना प्रस्ताव भेजने का अनुरोध करते हैं।

क) राशि - बैंक के एक्सपोजर शर्तों के अनुरूप

ख) ब्याज दर – एमसीएलआर/बाहरी बैंचमार्क/अन्य ब्याज दरें जिनका भुगतान बैंक द्वारा निर्धारित मासिक/त्रमासिक आधार पर किया जाएगा।

ग) ऋण व्यवस्थाओं का उद्देश्य/ अतत: अंतिम उपयोग – उपयोग कार्यरत पूंजी (WORKING CAPITAL) आवश्यकताएं तथा लघु अवधि लिक्विडिटी एवं परिचालनात्मक जरुरतें।

घ) ब्याज दर - एमसीएलआर/कोई अन्य बेंचमार्क

ड) प्रतिभूति - यह सुविधा किसी भी प्राधिकरण (आरओसी, आदि) के साथ किसी भी प्रकार का प्रभार के बिना अप्रतिभूतित आधार पर (परिसंपत्तियों पर नैगेटिव लियन के प्रति हो सकती है) स्पष्ट सुविधा होगी। तथापि हडको के पास अपने सामान्य कार्य व्यापार में चल/अचल दोनों प्रकार की परिसंपतियों के निपटान का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके अलावा, हडको संबंधित ऋणदाताओं से बिना किसी पूर्व अनुमोदन के स्थायी परिसंपत्तियों के सकल खंड(ग्रोस बनोंक) के भाग की कतिपय अप्रयुक्त परिसंपत्तियों के निपटान का अधिकार सुरक्षित रखेगा। इस संबंध में यह नोट किया जाये कि उपरोक्त संदर्भित परिसंपत्तियों के से हडको के कारोबार अथवा प्रचालन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता औ यह इस बात पर विचार किये बिना है कि हडको की परिसंपत्तियों के कुल मूल्य की तुलना में ऐसी परिसंपत्तियों का मूल्य नगण्य है और इससे हडको को दिए गए ऋणों के प्रति प्रतिभूति के रूप में हडको की परिसंपत्तियों पर नैगेटिव लियन रखने वाले बैंकों और वित्तीय संस्थानों के हितों पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता।

च) पूर्वभुगतान – वर्किंग कैपिटल डिमांड ऋण के मामले में, हडको के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि यह बैंक को एक दिन की पूर्व सूचना देकर किसी पूर्व भुगतान दंड का भूगतान किये बिना समय से पहले भुगतार कर सकेगा। इसके अतिरिक्त, हजको को वास्तविक परिपक्वता तिथि से पूर्व भुगतान करने की दशा में यह सुविधा आवर्ती आधार (Revolving basis) पर दी जाए।

इस संबंध में, यह भी नोच किया जाए कि हडको से संबंधित जानकारी (i) कॉर्पोरेट प्रोफ़ाइल, (ii) प्रमुख गतिविधियाँ क्षेत्र विस्तार, (iii), संस्थागत ढ़ांचा, (iv) योजना वार और राज्यवार प्रचालनों सहित विगत वर्षों में प्रचालनात्मक मुख्य उपलब्धियां, (v) समय संसाधन आधार (vi) वार्षिक रिपोर्ट आदि से संबंधित जानकारी हडको की आधिकारिक वेबसाइट- www.hudco.org से ली जा सकती है। इसके अलावा, आपके प्रस्ताव नोट के लिए और अधिक सूचना/ स्पष्टीकरण/आकड़ों के विश्लेषण प्रदान करने में हमें प्रसन्नता होगी।

उक्त प्रस्ताव 31 मार्च 2026 तक मान्य रहेगा।

धन्यवाद

एलवीएस सुधाकर बाबू

कार्यकारी निदेशक वित्त (आर.एम)

Housing & Urban Development Corporation Ltd . (A Govt. Of India Enterprise)
Core 7 A, HUDCO Bhawan, India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi - 110 003
हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन लि.(भारत सरकार का उपक्रम)
कोर 7 ए हड्को भवन, भारत पर्यावास केंद्र लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003
दूरभाष / Tel : 011 24649610-21 वेबसाइट / Website : www.hudco.org.in
सी आई एन / CIN : L74899DL1970GOI005276 जी एस टी / GST : 07AACH0632A1ZF
आई. एस. ओ. ISO 9001:2015 प्रमाणित कंपनी Certified Company
Follow Us On @hudcolimited www.facebook.com/hudco

Azadi Ka Amrit Mahotsav

हडको hudco

Profitability With Social Justice